**दहशत** ▶ छत्तीसगढ़ से आया हाथी अनूपपुर में मचा रहा उत्पात, किसान के मकान में की तोड़फोड़

# हाथी ने फसलों को पहुंचाया भारी नुकसान





**अनूपपुर, नवभारत 8 नवंबर।** छत्तीसगढ़ की सीमा पार कर एक दांत वाला नर हाथी पिछले तीन दिनों से मध्य प्रदेश के जिले के वन परिक्षेत्र जैतहरी के धनगवां बीट के कुसुमहाई गांव से लगे जंगलों में विचरण कर रहा है। इस दौरान हाथी ने तीन किसानों की फसलों को रौंदकर नुकसान पहुंचाया है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

वन विभाग के अनुसार हाथी के देर रात कुसुमहाई, पचौहा, धनगवां, लहरपुर, टकहोली, जैतहरी और गोबरी गांवों की ओर बढ़ने की संभावना है। विभाग ने इन क्षेत्रों के ग्रामीणों से अपील की है कि वे देर शाम और रात के समय घरों से बाहर न निकलें और सतर्क रहें।

### धनगवां गांव के जंगल में डाला डेरा

जानकारी के मुताबिक, यह हाथी तीन-चार दिन पहले छत्तीसगढ़ के कटघोरा वन मंडल अंतर्गत पसान वन परिक्षेत्र से मरवाही वन परिक्षेत्र होते हुए जिले में प्रवेश किया। फिलहाल यह जैतहरी तहसील के धनगवां गांव के जंगल में डेरा जमाए हुए है। उल्लेखनीय है कि यही हाथी करीब दो माह पहले भी अनूपपुर क्षेत्र में पहुंचा था और कुछ दिनों बाद वापस छत्तीसगढ़ लौट गया था।

### जंगल की ओर खदेड़ने के प्रयास जारी

शुक्रवार-शनिवार की रात्रि हाथी ने तीन किसानों के खेतों में घुसकर धान की फसल को रौंदा और आहार बनाया। इस दौरान चोई निवासी छंगू गोंड के मकान में तोड़फोड़ की घटना भी हुई। इसके अलावा, कुकुरगोड़ा निवासी महालाल गोंड और चोई निवासी इलाबाई की फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। वन विभाग की टीम लगातार हाथी की गतिविधियों पर नजर रखे हुए है और उसे जंगल की ओर खदेड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।





# अमित बघेल सिंधी समाज से मांगे माफी

▶ आपत्तिजनक बयान के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम कोतवाली निरीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**अनूपपुर, नवभारत 8 नवंबर।** हाल ही में दिए गए आपत्तिजनक बयानों को लेकर सिंधी समाज में गहरा रोष व्याप्त है। शनिवार को कोतमा, जैतहरी, चचाई एवं अनूपपुर क्षेत्र के सिंधु समाज के प्रतिनिधियों ने थाना अनूपपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

यह ज्ञापन नगरपालिका परिषद जैतहरी की पार्षद हेमलता मोटवानी के नेतृत्व में सौंपा गया, जिस पर उनके हस्ताक्षर भी हैं। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि अमित बघेल द्वारा सार्वजनिक रूप से दिए गए बयान से सिंधी समाज की भावनाएं गहराई से आहत हुई हैं। समाज ने मांग की है कि संबंधित व्यक्ति सार्वजनिक रूप से माफी मांगे और अपने वक्तव्य पर स्पष्टिकरण दे।

### बयान निंदनीय और असंवेदनशील

ज्ञापन में कहा गया है कि अमित बघेल ने न केवल महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणी की, बल्कि अपने बयान में यह भी कहा कि सिंधी समाज को पाकिस्तान चले जाना चाहिए। समाज के सदस्यों ने इस वक्तव्य को निंदनीय और असंवेदनशील बताया। सिंधी समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने कहा कि विभाजन के बाद सिंधी समाज ने भारत की मिट्टी को अपनी मातृभूमि के रूप में स्वीकार किया और देश के विकास में कंधे से कंधा मिलाकर योगदान दिया है। ऐसे देशभक्त समाज को किसी विदेशी संबंध या अपमानजनक टिप्पणी से जोड़ना अस्वीकार्य है।

# न्यायालय प्रांगण में मैराथन दौड़ आज



जिला एवं अपर सत्र न्यायालय कोतमा के न्यायाधीश श्री गंगा चरण दुबे ने बताया कि मैराथन दौड़ एक सप्ताह तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि मैराथन दौड़ कोतमा न्यायालय प्रांगण से प्रारंभ होकर शासकीय महाराजा मार्तंड महाविद्यालय तिराहा तक जाएगी तथा वहीं से पुन: वापस न्यायालय परिसर आकर समाप्त होगी। यह दौड़ सभी वर्गों के लिए आयोजित की गई है। इसमें स्कूली छात्राएं, पुरुष वर्ग, न्यायिक विधि से जुड़े व्यक्ति एवं आम लोग भी भाग ले सकते हैं।

▶ एक सप्ताह तक चलेगा विधिक खेल उत्सव

**कोतमा नवभारत 8 नवंबर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर आगामी 9 नवंबर को प्रात: 9 बजे न्यायालय परिसर, कोतमा में मैराथन दौड़ का शुभारंभ किया जाएगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए

### विजयी खिलाड़ी होंगे पुरस्कृत

मैराथन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर पुरस्कृत किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने हेतु खंड शिक्षा अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों से चर्चा की जा चुकी है। कार्यक्रम का मुख्य आयोजन 9 नवंबर प्रात: 8:30 बजे न्यायालय परिसर से प्रारंभ होगा। न्यायालय प्रशासन द्वारा नगरवासियों से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित इस खेल उत्सव में सम्मिलित हों।

# भवन निर्माण में फंड की नहीं होगी कमी : जायसवाल





पत्रकार सम्मान समारोह में पत्रकार भवन बनाने का कलेक्टर ने दिया आश्वासन

**अनूपपुर, नवभारत 8 नवंबर।** राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद जिला अनूपपुर द्वारा एसईसीएल जमुना कॉलरी स्थित बंकिम बिहार क्लब के सभागार में एक दिवसीय पत्रकार सम्मान एवं संवाद सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिले के कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं मध्यप्रदेश शासन के लघु एवं कुटीर उद्योग (स्वतंत्र प्रभार) मंत्री दिलीप जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम तीन सत्रों में संपन्न हुआ, जिसमें संवाद, सम्मान और सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट समन्वय देखने को मिला। इस अवसर पर परिषद ने अनूपपुर जिला मुख्यालय में भव्य पत्रकार भवन निर्माण की मांग रखी, जिस पर कलेक्टर पंचोली ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए कहा कि दो माह के भीतर भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी। सम्मेलन के दौरान श्रमजीवी पत्रकार परिषद संभाग शहडोल के अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा ने जिला मुख्यालय में पत्रकार भवन निर्माण की मांग दोहराई थी।

### परिवर्तन की सबसे बड़ी शक्ति है पत्रकारिता : मंत्री

तृतीय सत्र में मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि पत्रकारिता केवल पेशा नहीं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व है। जब कलम निष्पक्षता और ईमानदारी से चलती है, तब वह परिवर्तन की सबसे बड़ी शक्ति बन जाती है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पत्रकार भवन निर्माण के लिए फंड की कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से चर्चा कर इसके लिए बजट उपलब्ध कराया जाएगा।

### पुलिस कर्मियों को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में मंत्री जायसवाल ने अनूपपुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के 9 पुलिसकर्मियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मानित पुलिसकर्मी में प्रधान आरक्षक राजेन्द्र अहिरवार, कुंवर सिंह, लाल सिंह, धनराज धुर्वे, विनय गर्ग, रवि सोनकर, राजेश कंवर, सपन सिंह एवं विजय प्रताप सिंह रहे।

## एक नजर में



### अनूपपुर से दो फेरे में गुजरेगी स्पेशन ट्रेन

**अनूपपुर, नवभारत 8 नवंबर।** दिल्ली मार्ग पर ट्रेनों में यात्रियों की बढ़ती भीड़ और कंफर्म बर्थ की समस्या को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए दुर्ग-हरिद्वार-दुर्ग के मध्य विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन दो-दो फेरे में संचालित की जाएगी। जानकारी के अनुसार, गाड़ी संख्या 08743 दुर्ग से 09 और 16 नवंबर को रवाना होगी, जबकि गाड़ी संख्या 08744 हरिद्वार से 10 और 17 नवंबर को चलेगी। इस ट्रेन में सभी श्रेणियों में पर्याप्त सीटें उपलब्ध हैं और यह कुल 23 स्टेशनों पर रुकेगी।

**दुर्ग से सुबह 11 बजे प्रस्थान करेगी**- गाड़ी संख्या 08743 दुर्ग-हरिद्वार स्पेशल ट्रेन दुर्ग से सुबह 11 बजे प्रस्थान करेगी। यह क्रमश: रायपुर 11.36 बजे, भाटापारा 12.28 बजे, उसलापुर 13.45 बजे, पेंड्रा रोड 15.13 बजे, अनूपपुर 15.53 बजे, शहडोल 16.35 बजे, उमरिया 17.33 बजे, कटनी मुड़वारा 19.20 बजे, आगरा कैंट सुबह 7.05 बजे, निजामुद्दीन 11.10 बजे होते हुए हरिद्वार 15.40 बजे पहुंचेगी।

**हरिद्वार से रात 9 बजे प्रस्थान करेगी**-गाड़ी संख्या 08744 हरिद्वार-दुर्ग स्पेशल ट्रेन हरिद्वार से रात 9 बजे प्रस्थान करेगी। यह क्रमश: हजरत निजामुद्दीन 2.15 बजे, आगरा कैंट 5 बजे, कटनी मुड़वारा 17.35 बजे, उमरिया 18.44 बजे, शहडोल 19.45 बजे, अनूपपुर 20.33 बजे, पेंड्रा रोड 21.10 बजे, उसलापुर 23.40 बजे, भाटापारा 1.40 बजे, रायपुर 3 बजे होते हुए दुर्ग पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में कुल 18 कोच लगाए गए हैं, जिनमें 2 एसएलआरडी, 7 सामान्य, 8 स्लीपर और 1 एसी-थ्री सह एसी-टू कोच शामिल हैं।

### भालू दिखने से मचा हड़कम्प

**कोतमा नवभारत 8 नवंबर।** नगर पालिका अंतर्गत वार्ड क्रमांक 12 गोविंदा कालरी के पास गोविंदा साइडिंग स्थित जंगल से सटे नर्सरी क्षेत्र में शुक्रवार की शाम अवैध रूप से जुआ खेल रहे अड्डे तक एक भालू के अचानक पहुंच जाने से हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि नर्सरी में छिपकर शातिर जुआरियों के द्वारा जुआ फंड का खेल खेला जा रहा था। इसी दौरान अचानक दूर से भालू देखे जाने के बाद जुआरियों के होश उड़ गए। इसके बाद सभी लोग वहां से भाग कर कॉलोनी पहुंचे। इस दौरान दरी एवं अन्य सामग्री वहीं पड़ी रह गई। बताया जा रहा है कि विगत एक माह से भालू गोविंदा, कॉलेज तिराहा, कदम टोला,जमुना, भालूमाडा व उसके आसपास लगातार द्य गतिविधियां देखी जा रही है।

**चर्चाओं का बाजार गर्म** -इसे लेकर कई बार वन विभाग के अधिकारियों से भालू को रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़े जाने की मांग भी की जा चुकी है। अभी तक वन विभाग के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। जुआ फड़ में भालू पहुंचने को लेकर लगातार चर्चाओं का बाजार गर्म है। मामले को लेकर परिक्षेत्र अधिकारी हरीश तिवारी का कहना है कि भालू की निगरानी में वन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ग्रामीण जंगल क्षेत्र में नहीं जाए।

# सीसीटीवी फुटेज से खोई राशि वापस मिली

▶ जेब से गिर गए थे दस हजार रुपये, थाना प्रभारी का प्रार्थी ने जताया आभार





**कोतमा नवभारत 8 नवंबर।** कोतमा थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवकुमार प्रजापति निवासी सिलपुर के जेब से दस हजार रुपये गिर गए थे, जिसे कोतमा थाना प्रभारी ने एक महिला से बरामद कर शिवकुमार को वापस कर दिए।

शिवकुमार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 6 नवंबर की सुबह लगभग 11:30 बजे आजाद चौक के पास स्थित एक दुकान के सामने वह खड़ा होकर अन्य व्यक्ति का इंतजार कर रहा था, उसी दौरान उसके जेब से दस हजार रुपये नीचे गिर गए। आधे घंटे के बाद जब प्रार्थी ने अपने जेब को चेक किया तो जेब में पैसे नहीं थे। प्रार्थी पागलों की तरह यहां वहां ढूंढता रहा, लेकिन पैसों के संबंध में कोई जानकारी नहीं लगी।

### नीचे गिरे पैसे महिला उठाकर ले गई

दूसरे दिन 7 नवंबर को वापस कोतमा आकर जब उसने सीसीटीवी फुटेज चेक करवाई तब जहां वह खड़ा था, वहां पैसे गिरे हुए दिखाई दे रहे है। जहां कुछ देर के बाद एक महिला आती है और उस पैसे को उठाकर ले जाते हुए दिखाई दे रही है। उस महिला से उस व्यक्ति ने जाकर निवेदन किया कि आपको मेरे गिरे हुए पैसे मिले हैं तब उस महिला ने मना कर दिया, तब प्रार्थी के पास थाने की शरण लेने के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा था।

### पुलिस कर्मियों ने जांच के बाद महिला से पैसे दिलाए

प्रार्थी ने कोतमा थाने पहुंचकर थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ला को पूरी आपबीती बताई एवं सीसी टीवी फुटेज दिखाई। तब कोतमा थाने के संबंधित पुलिस कर्मियों द्वारा उस सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। जांच करने के पश्चात उस महिला के पास पहुंचकर प्रार्थी को राशि वापस दिलाई गई। प्रार्थी ने खुले मन से थाना प्रभारी का आभार व्यक्त किया





# हादसे में मृत लोको पायलट को दी श्रद्धांजलि

**अनूपपुर, नवभारत 8 नवंबर।** साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर मंडल की डीईसी बैठक 7 नवंबर को बिलासपुर में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल अध्यक्ष दिलीप कुमार स्वाइन उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल समन्वयक एवं संयुक्त महामंत्री विजय अग्निहोत्री ने की। बैठक की शुरुआत 4 नवंबर को हुए बिलासपुर रेल हादसे में शहीद हुए लोको पायलट विद्यासागर कुशवाहा को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान केन्द्रीय पदाधिकारी और 13 शाखाओं के प्रतिनिधियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

**संघ परिवार की हरसंभव सहायता करेगा : अग्निहोत्री**

जोनल अध्यक्ष डीके स्वाइन ने अपने उद्बोधन में कहा कि बिलासपुर रेल हादसे ने हम सबको गहरा दु:ख पहुंचाया है। हम शहीद लोको पायलट सहित मृतक यात्रियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

**दौरा** ▶ सुदूरवर्ती ग्रामों में पहुंची जिपं सीईओ, विकास कार्यों का लिया जायजा, ग्रामीणों से किया संवाद

# पात्र व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता : अर्चना



**अनूपपुर, नवभारत 8 नवंबर।** जिले के सुदूरवर्ती और जनजातीय बहुल क्षेत्रों के विकास कार्यों का मैदानी स्तर पर निरीक्षण करने जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी शनिवार को पुष्पराजगढ़ जनपद पंचायत के ग्राम पडमनिया, खरसोल और बड़ीतुम्मी पहुंचीं।

उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति जानी और उनकी समस्याओं को सुना। भ्रमण के दौरान सीईओ ने महिलाओं से चर्चा करते हुए कहा कि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। ग्रामीणों द्वारा पेयजल समस्या उठाए जाने पर उन्होंने मौके पर उपस्थित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री अमित शाह को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

### हितग्राही महिलाओं से किया संवाद

इस अवसर पर जिला पंचायत शहडोल के सीईओ शिवम प्रजापति ने भी सहभागिता की और जिले में संचालित बॉयलर मुर्गी पालन गतिविधियों का निरीक्षण कर हितग्राही महिलाओं से संवाद किया। उन्होंने महिलाओं की आर्थिक उन्नति के लिए किए जा रहे जिले के नवाचारों की सराहना की। भ्रमण के दौरान डॉ. उमेश द्विवेदी परियोजना अधिकारी, रामनाथ कोरी वाटरशेड परियोजना अधिकारी तथा मेंकल वूमेन पोल्ट्री प्रोड्यूसर कंपनी के सीईओ धनीराम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### पंचायत भवन का किया अवलोकन

ग्राम पडमनिया में सीईओ श्रीमती कुमारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना और मुर्गी पालन गतिविधियों का निरीक्षण करते हुए दुअसिया बाई व ललति बाई जैसी हितग्राही महिलाओं से चर्चा की और उन्हें प्रोत्साहित किया। इसके अलावा ग्राम पंचायत बड़ीतुम्मी में उन्होंने पंचायत भवन का अवलोकन कर सरपंच एवं सचिव को ई-केवाईसी और परिसंपत्तियों की पोर्टल पर मैपिंग शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### पीएम आवास निर्माण कार्यों की मौनिटरिंग करें

प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करने और निर्धारित समयसीमा में निर्माण पूर्ण करने पर बल दिया। सीईओ ने बड़ीतुम्मी में जल संसाधन विभाग द्वारा निर्मित जलाशय का निरीक्षण करते हुए कहा कि सतही जल का आसपास के गांवों में पेयजल आपूर्ति हेतु बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इसके लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए।